बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक–10/अ0प्र0–8–1/25 1754 पटना, दिनांक 10.2.25

प्रेषक,

आदित्य प्रकाश,
अवर सचिव।

सेवा मे,

सभी कार्यपालक अभियंता,
कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार।

विषय– बिहार विधान मंडल से संबंधित निवेदन, याचिका आदि के लंबित प्रश्नों का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन हेतु Video Conference के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक के संबंध मे।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विधान मंडल से संबंधित निवेदन, याचिका आदि के लंबित प्रश्नों का उत्तर प्रतिवेदन आपके कार्य प्रमंडल में काफी समय से लंबित है। विधान मंडलीय प्रश्नों से संबंधित सूची दिनांक 01.02.2025 की बैठक में आपको हस्तगत करायी गयी है एवं Video Conference के माध्यम से दिनांक 07.02.2025 को श्री मनोज कुमार, विशेष सचिव द्वारा समीक्षा भी की गयी । समीक्षा के क्रम में उनके द्वारा पुनः समीक्षा हेतु दिनांक 10.02.2025 को 4.30 बजे अपराह्न में Video Conference के माध्यम से बैठक निर्धारित किया गया है।

अतः बिहार विधान मंडल से संबंधित सभी प्रश्नों का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के साथ समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित रहना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

10/2/25

(आदित्य प्रकाश),
अवर सचिव।

ज्ञापांक–10/अ0प्र0–8–1/25 1754 पटना, दिनांक 10.2.25

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि सभी संबंधित को उक्त VC बैठक हेतु ससमय Link उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

10/2/25

अवर सचिव।